# बिहार सरकार
# वित्त (अंकेक्षण) विभाग
# बिहार पटना

**अंकेक्षण प्रतिवेदन संख्या :– 107/11–12**

**(1) परिचयात्मक :–**

**(क) अंकेक्षित लेखा का नाम** – अंचल कार्यालय, सोनपुर जिला सारण

**(ख) अंकेक्षणाधीन लेखा वर्ष** – वर्ष 2009–10 से 2010–11 तक।

**(ग) प्रशासी विभाग का नाम** – राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग बिहार, पटना।

**(घ) अंकेक्षणाधीन अवधि के नियंत्री पदा0 का नाम, पदनाम एवं कार्यकाल –**

अनुपलब्ध

**(ङ) अंकेक्षण अवधि के लेखा प्रभारी पदाधिकारी एवं कर्मचारी का नाम, पदनाम एवं कार्यकाल** –

1. श्री राज्य नंद वर्डियार अंचलाधिकारी दि0 1.4.09 से 4.4.2010 तक
2. श्री दीपक कुमार, अंचलाधिकारी दि0– 5.4.10 से 22.8.11 तक
3. श्री चंद्रशेखर प्र0 सिंह प्रधान लिपिक दि0– 1.4.09 से 31.5.10 तक
4. श्री गिरीन्द्र किशोर वर्मा प्रधान लिपिक – दि0 1.6.10 से अद्यतन्
5. श्री मो0 सनी उल्लाह नाजीर – दि0 1.4.09 से अद्यतन्।

**(च) अंकेक्षण में सहयोग देनेवाले पदाधिकारी/कर्मचारी का नाम तथा पदनाम–**

1. श्री दीपक कुमार अंचलाधिकारी
2. श्री गिरिन्द्र किशोर शर्मा – प्रधान लिपिक
3. श्री मो0 सनी उल्लाह – नाजीर

**(छ) अंकेक्षकों के नाम** — **1**. श्री शिव बचन पंडित वरीय अंकेक्षण –2

2. श्री मो0 शफीक खाँ वरीय अंकेक्षण –2

**(ज) अंकेक्षण प्रारंभण तिथि** – दि0 8.9.2011

**(झ) अंकेक्षण समाप्ति तिथि** – दि0 4.1.2012

**(ञ) अंकेक्षण में व्यतीत कार्य दिवस की संख्या** – 42 कार्य दिवस ।

**(ट) अंकेक्षण में प्रस्तुत/अप्रस्तुत अभिलेखों की सूची :–**

अभिलेखों की सूचि परिशिष्ट 'क' संलग्न है।

**(2) अंकेक्षण का क्षेत्र –**

(1) अंकेक्षण का प्रकार – सामान्य।

(2) वित्त (अंकेक्षण) विभाग का आदेश संख्या एवं तिथि – 3286 एफ ए0 दिनांक 15.9.1960

(3) कार्यालय का कार्यक्षेत्र – भूराजस्व संग्रहण हेतु 10 हलको में विभाजित किया गया है तथा इसके अंतर्गत 26 ग्राम पंचायत आते है। इस कार्यालय का मुख्य कार्य भूराजस्व मांग तय करना तथा कर वसूली करना है। इसमें सैरात तथा सोनपुर मेला के अवसर पर आवंटित भूमि से प्राप्त कर के रूप में भी वसूल करना है। सरकारी भूमि का अतिक्रमण नही हो इसका दायित्व भी इसी कार्यालय के ऊपर है। अगलगी, शीतलहर, भूखमारी आदि से संबंधित सहाय कार्य भी इसी कार्यालय के माध्यम से संपादित किए जाते है। जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र आदि एवं भूमि से संबंधित अन्य प्रमाण पत्र भी इसी कार्यालय के माध्यम से निर्गत किए जाते है। चौकिदार एवं दफादार का भी कार्य का नियंत्रण इसी कार्यालय से किया जाता है।

(4) वित्तीय स्त्रोत :– आवंटन एवं व्यय विवरण परिशिष्ट 'ख' संलग्न है।

(5) कोषागार अभिलेख से सत्यापन की स्थिति :–

(क) शत् प्रतिशत् किया गया।

(6) महालेखाकार के पूर्व निरीक्षण प्रतिवेदन का अनुपालन की स्थिति :–

कार्यालय द्वारा अनुपालन की स्थिति नही बतलाया गया।

(7) वित्त (अंकेक्षण) विभाग के पूर्व अंकेक्षण प्रतिवेदन का अनुपालन की स्थिति :–

अंकेक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत नही किया गया। इसलिए अनुपालन की स्थिाति नही बतलाया जा सकता।

**(3) वित्तीय समीक्षा :–**

**(i)** आवंटन की स्थिति में – क्या आवंटन से अधिक की निकासी की गई है – नही

(ii) अनुदान की स्थिति में क्या अनुदान से अधिक राशि का व्यय किया गया है– नही

(iii) प्राप्त अनुदान राशि का अपयोगिता प्रमाणा पत्र प्रशासी विभाग को प्रेषित किया गया था। – नही ।

(iv) रोकड़ पंजी में संवरणा शेष के नकद राशि का भौतिक सत्यापन की स्थिति :–

भौतिक सत्यापन किया गया। विभागीय पत्रांक 503 वि0 अ0 पटना दिनांक 29.1.76 के निदेशानुसार अंचल पदाधिारी सोनपुर द्वारा नकदी राशि का भौतिक सत्यापन 8.9.11 को किया गया तथा तत्संबंधित प्रमाण पत्र रोकड़ पुस्त पर अंकित किया गया अतः शेष का विपत्र बार विवरण अंकित नही किया गया विवरणी अंकित नही किया गया। विवरणी निम्नांकित था।

| दिनांक 8.9.11 | |
|---|---|
| 1 विविध बैंकों में जाम राशि | 2975259.51 |
| 2 अग्रिम के रूप में | 1712212.00 |
| 3 असमायोजित अभिश्रव के रूप में | 1598324.80 |
| 4 इकहरी ताला में नगद राशि | 78809.11 |

कुल – 6364605.42

(4) अंकेक्षित कार्यालय के स्वीकृत/कार्यरता एवं रिक्त पदों का विवरण :–

| पदो का नाम | स्वीकृत बल | कार्यरत बल | अधिक/कम |
|---|---|---|---|
| अंचल अधिकारी | 1 | 1 | x |
| अंचल निरीक्षक | 1 | 1 | x |
| सहायक | 7 | 4 | 3 |
| राजस्व कर्मचारी | 11 | 8 | 3 |
| अंचल अमीन | 1 | x | 1 |
| जीप चालक | 1 | 1 | x |

| | | | |
|---|---|---|---|
| अनुसेवी | 5 | 4 | 1 |
| दाफादार | 2 | 2 | x |
| चौकिदार | 62 | 21 | 41 |

योग– 49

रिक्त बल को पुरा करने की आवश्यक कारवाई अपेक्षित है जिससे कि सरकारी कार्य को निष्पादन सुचारू रूप से हो सके।

## भाग – 2

### (5) कुल रू0 393129.00 वसूली योग्य :–

(क) रू0 37.00 अधिक निकासी कर रोकड़ पुस्त में भुगतान किया जाना अनियमित वसूली योग्य :–

शीर्ष 2029 भू–राजस्व के वेतन भुगतान पंजी के जॉंच में पाया गया कि माह नवम्बर –2009 में विपत्र संख्या 7910910 रू0 303223.00 रू0 की कोषागार से निकासी किया गया। तथा दिनांक 17.3.10 को रोकड़ पुस्त में रू0 303223.00 का भुगतान दिखा दिया गया था।

माह नवम्बर 2009 के वेतनादि का योग के जॉंच क्रम में स्पष्ट हुआ कि शुद्ध भुगतेय राशि का वास्तविक योग 303186.00 ही होता है। इस प्रकार 303223 –303186.00 =3700 रू0 का अधिक रोकड़ पुस्त में भुगतान हो गया। कर्मचारियों का भुगतान बैंक द्वारा उनके लेखा में सीधे किया गया था। स्पष्टतः वास्तविक शुद्ध भुगतेय राशि का ही भुगतान बैंक द्वारा किया गया होगा। लेकिन जसाना की गलती के कारण अधिक निकासी कर रोकड़ पुस्त में उतनी ही राशि का भुगतान अंकित कर दिया गया । अंकेक्षण आपत्ति निर्गत की गई अनुपालन में बतलाया गया कि जॉंच कार्य जारी है। परिणाम से अवगत करा दिया जाएगा।

अतः प्रशासी विभाग आवश्यक कार्रवाई कर संबंधित उत्तरदायी व्यक्ति से रू0 37.00 वसूल कर संबंधित शीर्ष में कोषागार में जमा कर वित्त (अंकेक्षण) विभाग बिहार, पटना को अवगत कराया जाए।

(ख) गलत वेतन वृद्धि के रूप में रू0 858.00 का अधिक भुगतान वसूली योग्य :–

सेवा पुस्त की जॉंच में पाया गया कि कुछ कर्मचारियों को अनियमित रूप से गलत वेतन वृद्धि के रूप में अधिक भुगतान किया गया है। जिसकी विवरणी प्रतिवेदन के परिशिष्ट 'ग' पर संलग्न है।

बिहार सरकार वित्त विभाग के ज्ञापांक 3 ए–2 वे पु0 – 16/09–630 पटना दिनांक 21.1. 2010 के कंडिका –9 में स्पष्ट निदेश किया गया है कि @3 प्रतिशत वेतन का लाभ देकर अगले 10 के पूर्णाकित में वेतन वृद्धि स्वीकृति किया जाए। साथ ही साथ यह भी निदेश दिया गया था कि, पैसा का त्याग कर दिया जाए। लेकिन पैसा को भी 10 के रूप में पूर्णकित कर वेतन वृद्धि स्वीकृत कर दिया गया है विवरणी निम्नवत है।

| क्र0 | कर्मचारी का नाम पदनाम | वेतन वृद्धि तिथि | निर्धारित किया गया | निर्धारित होना चाहिए | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री गणेश राम रा0 कर्मचारी | 1.7.07 | 19670 | 19670 | वेतन वृद्धि @ 3% 590.10 यानि 590.00 देय होगा। |
| | | 1.7.08 | 20270 | 20260 | |
| | | 1.7.09 | 20880 | 20870 | |
| | | 1.7.10 | 21510 | 21500 | |
| | | 1.7.11 | 22160 | 22150 | |
| 2 | श्री बबन कुमार रा0 कर्मचारी | 1.7.08 | 9360 | 9360 | @ 3% वेतन वृद्धि 280.80 यानि 280.00 देय होगा। |
| | | 1.7.09 | 9650 | 9640 | |
| | | 1.7.10 | 9940 | 9930 | |

अंकेक्षण आपत्ति निर्गत की गई अनुपालन में बतलाया गया कि सेवा पुस्त में उठाई गई आपत्तियों का निराकरण कर लिया गया है, लेकिन अधिक भुगतान की गई राशि का वसूली नही किया गया। अतः रू0 858.00 संबंधित कर्मचारी के वेतन से वसूल कर उचित शीर्षोन्तर्गत कोषागार में जमा कराया जाय एवं परिणाम से वित्त (अंकेक्षण) विभाग बिहार पटना को अवगत कराया जाए।

(ग) सोनपुर मेला के अवसर पर भूखंड आवंटन का रैंट की वसूली नही किया जाना रू0 392284.00 वसूली योग्य :–

सोनपुर मेला वर्ष 2009 एवं 2010 के अवसर पर सरकारी प्रदर्शनी क्षेत्र में प्रदर्शनी/स्टॉल लगाने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी सोनपुर द्वारा समाहर्त्ता सारसा के ज्ञापांक 909 रा0 दि0 30.9.09 द्वारा निदेशीत पत्र के आलोक में विभिन्न विभागों/औधोगिक प्रतिष्ठानों को भूमि आवंटित किया गया था। समाहर्त्ता सारसा के उक्त पत्र में ही निदेशित था कि @4.00 /वर्ग फीट की दर से ग्राउन्ड रेन्ट की भुगतान की शर्त्त पर भूखंड आवंटित किया जाए। भूखंड आवंटन सूचि पर अपर समाहर्त्ता के माध्यम से अद्योहस्ताक्षरी का अनुमोदन भी प्राप्त कर लिया जाए। लेकिन भूखंड आवंटन सूचि पर

समहर्त्ता सारसा के  अनुमोदन से संबंधित अभिलेख जाँच हेतु प्रस्तुत नही किया गया। कुल कितने विभाग/प्रतिष्ठान का वर्ष 2009–10 एवं 2010–11 में भूमि आवंटित किया गया। पूरी सूचि भी उपलब्ध नही कराया गया।

सिर्फ अनुमंडल पदाधिकारी सोनपुर द्वारा आवंटन आदेश की प्रति जितने कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराया गया, उतने का ही जाँच कार्य किया गया। अनुमंडल कार्यालय सोनपुर द्वारा निर्गत भूमि आवंटन आदेश पर ही अंचल पदाधिकारी/अंचल निरीक्षण का राजस्व कर्मचारी सोनपुर को निदेश दिया गया था कि आवंटित कुल भू–खंड की निर्धारित दर पर ग्राउन्ड रैट की राशि प्राप्त कर आदेशित/आवंटित भूमि पर का मापी कर प्राप्त करना सुनिश्चित करे। इसके बाबजूद संबंधित विभाग/प्रतिष्ठान से वसूली नही किया गया। जाँच कार्य रोकड़ पुस्त नाजीर रसीद वही के आधार पर किया गया अंकेक्षण समाप्ति तिथि तक विभागों/प्रतिष्ठानों से रू0 392284 वसूली नही किया गया जिसकी विवरणी प्रतिवेदन के परिशिष्ट 'घ' पर संलग्न है। अंकेक्षण आपत्ति निर्गत किया गया अनुपालन में बतलाया गया कि स्टॉलो से वसूली का गहन जाँच किया जा रहा है। जिन विभागों के जिम्में बकाया निकलेगा उस पर नोटिस की जा रही है। तथा उनसे वसूली कर ली जाएगी नही जमा करने पर सर्टीफिकेट केस किया जाएगा।

अतः प्रशासी विभाग आवश्यक कार्रवाई कर विभिन्न विभागों/प्रतिष्ठानों से रू0 392284.00 वसूल कर कोषागार में जमा कर वित्त (अंकेक्षण) विभाग, बिहार, पटना को भी अवगत कराया जाए।

**5 (घ) लगान रसीद वही प्रस्तुत नही किए जाने के कारणा संग्रहीत राशि का जमा का सत्यापन नही किया जाय, संग्रहीत राशि वसूली योग्य :–**

वर्ष 2009–10 एवं 2010–11 के अंतर्गत राजस्व कर्मचारियों द्वारा प्राप्त की गई लगान रसीद वही का सत्यापन अंचल कार्यालय सोनपुर के लगान रसीद वही के भंडार पुस्त के सत्यापन क्रम में पाया गया कि हल्का संख्या 8 के राजस्व कर्मचारी द्वारा निम्न रूपेण लगान रसीद वही का प्राप्त किया गया था।

| लगान रसीद वही का भंडार पुस्त संख्या | निर्गत तिथि | लगान रसीद संख्या | राजस्व कर्मचारी का नाम | हल्का संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 69 | 23.6.2009 | भोलूम संख्या 80 639951 से 640000 | उपेन्द्र कुमार दूबे | 8 |
| 69 | 23.6.2009 | 81 649001 से 649050 | उपेन्द्र कुमार दूबे | 8 |

संबंधित राजस्व कर्मचारी से 3ए, 3एए पंजी, लगान रसीद वही की माँग की गई इसके लिए अंकेक्षणा आपत्ति भी निर्गत किया गया। लेकिन संबंधित राजस्व कर्मचारी द्वारा उपर्युक्त अभिलेख या जमा से संबंधित नाजीर रसीद भी जाँच हेतु उपलब्ध नही कराया गया। जिसके चलते लगान रसीद वही से कितनी राशि वसूल की गई तथा कितनी राशि जमा किया गया स्पष्ट नही हो सका। उच्चाधिकारियों द्वारा अपेक्षित है।

अंकेक्षण आपत्ति के अनुपालन में बतलाया गया कि श्री उपेन्द्र कुमार दूबे तत्कालीन रा0 कर्मचारी हल्का नं0–8 को उन के स्थापन कार्यालय अंचल कार्यालय मढ़ौरा को लिखा गया है लेकिन उन्होने अभी तक स्थिति स्पष्ट नही की है। पुनः स्मारित किया जा रहा है।

अंकेक्षण समाप्ति तिथि तक संबंधित रा0 कर्मचारी द्वारा उपर्युक्त अभिलेख उपस्थापित नही किया जा सका जिसके चलते जाँच नही किया जा सका। संबंधित कर्मचारी द्वारा संग्रहित राशि जमा नही किए जाने की स्थिति में गबन का भी मामला बनता है।

अतः प्रशासी विभाग अपने स्तर से आवश्यक कार्रवाई कर राशि वसूल कर कोषागार में जमा कर वित्त (अंकेक्षण) विभाग बिहार, पटना को भी सूचित किया जाए।

इस प्रकार उस कंडिका (क) +(ख) +(ग) की राशि =37+858+392284=393179.00

वसूल कर कोषागार में जमा कर वित्त (अंकेक्षण) विभाग, बिहार पटना को अवगत कराया जाए।

**(6) व्यय की औचित्य निर्धारणा के स्पष्ट सरकारी दिशा निर्देश के अभाव के फलस्वरूप रू0 349900.00 आपत्ति अन्तर्गत :–**

हरिहर श्रोत सोनपुर मेला, 2007 के सफल बनाने हेतु मेला के अंतर्गत सड़क मरम्मति कार्य, प्रकाश की व्यवस्था, रैन बसेरा की सफाई रंगाई स्व पेंटिग कार्य, पंडाल निर्माण , शैचालय का निर्माण आदि कार्य कराया गया था, जिस पर कुल रू0 349900.00 व्यय किया गया था इससे संबंधित योजनाओ के अभिलेखों के जाँच में पाया गया कि योजना का प्रशासनिक स्वीकृति से संबंधित सक्षम पदाधिकारी का आदेश की प्रति संलग्न नही था। मस्टर रौल मापी पुस्त एवं सामानों से संबंधित अभिश्रवों का सक्षम पदाधिकारी द्वारा पारित भी नही पाया गया। सामानों का भंडार प्रविष्टि एवं निर्गमन से संबंधित भंडार पुस्त भी जाँच हेतु प्रस्तुत नही किया गया। सिर्फ अभिकर्त्ता द्वारा पावती रसीद पर अंकित राशि को ही पारित कर रोकड़ पुस्त में भुगतान अंकित कर दिया गया था। कार्य पूर्ण होने का सक्षम पदाधिकारी का प्रमाणा पत्र भी जाँच हेतु उपलब्ध नही कराया गया। योजना का अभिकर्त्ता श्री राजेन्द्र राम राजस्व कर्मचारी को बनाया गया था। उपर्युक्त अभिलेखों/कागजातों के अभाव में व्यय की औचित्यता की जाँच नही किया जा सका। योजनाओं पर व्यय से संबंधित विवरणी प्रतिवेदन के परिशिष्ट 'ड़' पर संलग्न है।

अतः प्रशासी विभाग द्वारा अपने स्तर से जाँच कर लिया जाय। उक्त व्यय राशि का विधिवत् अगर जाँच में अन्यथा की स्थिति पायी जाती है तो संबंधित उत्तरदायी व्यक्ति पर विधि सम्मत आवश्यक कारवाई किया जाय तथा इसके प्रतिफल से वित्त (अंकेक्षण) विभाग बिहार, पटना को अवगत कराया जाय। तबतक उक्त व्यय राशि रू0 349900.00 को आपत्ति अन्तर्गत रखी जाती है।

**(7) कुल राजस्व की क्षति रू0 744186.00**

(क) बैलहट्टा मेला बंदोवस्त नही किए जाने के फलस्वरूप रू0 273500.00 की राजस्व क्षति :—

सैरात पंजी वर्ष 2009—10 एवं 2010—11 की जाँच में स्पष्ट हुआ कि बैलहट्टा मेला का हरिहर क्षेत्र मेला 2009 एवं 2010 के अवसर पर बंदोवस्त नही किया गया पाया गया। सैयत पंजी के पृष्ठ संख्या 12 पर वर्ष 1992 के नाम बंदोवस्त नही किया गया पाया गया।

अंकेक्षण आपत्ति निर्गत की गई अनुपालन में बतलाया गया कि सोनपुर मेला के अंतर्गत बैलहट्टा मेला की बंदोवस्ती अगले आदेश तक के लिए बिहार सरकार द्वारा बंद कर दी गई है। आदेश की प्रति मिलने पर अवगत कराया जाएगा। लेकिन अंकेक्षण समाप्ति तिथि तक बैलहट्टा मेला का बंदोवस्त बंद करगे से संबंधित राज्य सरकार का राज्यादेश की प्रति जाँच हेतु उपलब्ध नही कराया गया। जिसके चलते बंदोवस्ती बंद करने के संबंध में सत्यता की जाँच नही किया जा सका।

वर्ष 1992 में रू0 136750.00 में बैलहट्टा मेला का बंदोवस्त किया हुआ पाया गया। इस प्रकार अंकेक्षण अवधि वर्ष 2009—10 एवं 2010—11 यानि दो वर्ष बंदोवस्त नही किए जाने के कारण @136750X2 = 273500.00 राजस्व की क्षति हुई।

अतः प्रशासी विभाग अपने सतर से उक्त राजस्व की क्षति के संबंध में जाँच कर विधि सम्मत क्षतिपूर्त्ति के संबंध में उचित कारवाई करते हुए वस्तुस्थिति से वित्त (अंकेक्षण) विभाग, बिहार पटना को अवगत कराया जाए।

(ख) बाजार की बंदोवस्ती नही किए जाने के फलस्वरूप रू0 470686.00 का राजस्व क्षति :—

वर्ष 2009—10 एवं 2010—11 के सैरात पंजी एवं संबंधित अभिलेखों के आधार पर जाँच में पाया गया कि कुल बाजारों का बंदोवस्त नही किया गया था। कार्यालय द्वारा बतलाया गया कि कोई भी व्यक्ति सरकार द्वारा निर्धारित सुरक्षित राशि पर बंदोवस्त कराने के लिए तैयार नही हुआ। इसलिए विभागीय वसूली कराया गया। विभागीय वसूली का क्या आधार, दर होगा राज्य सरकार द्वारा निर्धारित दर की सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत आदेश की प्रति उपलब्ध नही कराया गया।

किस व्यक्ति को बाजार लगाने की अनुमति दी गई, बाजार लगाने का कर के रूप में किस दर से किस तिथि को कितनी राशि वसूली की गई, रसीद वही, एवं संबंधित अभिलेख जाँच हेतु प्रस्तुत नही किया गया जिसकी वसूली के संबंध में सत्यता की जाँच नही किया जा सका। ऐसा प्रतीत होता है कि संबंधित राजस्व कर्मचारी द्वारा मनमाने ढंग से बाजार का रैट वसूल की गई तथा मनमाने ढंग से रेंट अंचल कार्यालय में जमा किया गया। रेंट वसूली के संबंध में विभागीय अधिकारी का काई नियंत्रण नही पाया गया। इस पर विभागीय जाँच अपेक्षित है। विवरणी निम्नवत है। जिसकी विभागीय वसूली की गई थी, सैसत पंजी में वसूली अंकित किया गया था।

| वर्ष | क्रमांक | बाजार का नाम | सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्धारित सुरक्षित राशि | वसूली गई राशि | अंतर अभ्युक्ति (क्षति) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2009—10 | 1 | खरी का बाजार | 38640 | 16722 | 21918 |
| 2009—10 | 2 | दुधैला बाजार | 361814 | 148000 | 213814 |
| 2009—10 | 3 | शिकरपुर बाजार | 4704 | 4705 | —1 |
| 2009—10 | 4 | रहीमपुर बाजार | 12196 | 12000 | 196 |
| 2010—11 | 5 | दुधैला बाजार | 36814 | 148000 | 213814 |
| 2010—11 | 6 | ओवरा सबाइल घाट | 22945 | 2000 | 20945 |
| | | योग | 802113 | 331427 | 470686 |

इस प्रकार रू0 470686.00 की राजस्व की क्षति हुई।

अतः प्रशासी विभाग अपने स्तर से उक्त राजस्व की क्षति की जाँच कराके क्षति पूर्त्ति के संबंध में कृत कार्रवाई से वित्त (अंकेक्षण) विभाग, बिहार, पटना को अवगत कराया जाए। इस प्रकार कंडिका (क)+(ख) की कुल राशि = 273500+470686=744186.00 के क्षतिपूर्त्ति के संबंध में विधि सम्मत कारवाई की जाय।

## (8) सैरात एवं लगान मद में कुल बकाया रू0 553226.66 वसूली कर कोषागार में जमा करने के संबंध में :—

(क) वर्ष 2009—10 एवं 2010—11 का रेंट, सेस, शिक्षा सेस, कृषि सेस विविध एवं सैरात एवं स्वास्थ्य सेस से संबंधित अंचल कार्यालय द्वारा माँग एवं वसूली से संबंधित विवरणी प्रस्तुत किया गया जो कि प्रतिवेदन के परिशिष्ट 'च' पर संलग्न है।

माँग एवं वसूली के विवरणी की जाँच में पाया गया कि सैरात मद में वर्ष 2009–10 का बकाया रू0 151051.27 के रूप में अंकित है। तथा वर्ष 2010–11 का रैट, सेस, शिक्षा शेष , कृषि सेस एवं स्वास्थ्य सेस में रू0 402175.39 रू0 बकाया अंकित है। इस प्रकार रू0 151051.27+402175.39 =553226.66 रूपया कुल बकाया के रूप में शेष है।

प्रशासी विभाग अपने स्तर से आवश्यक कार्रवाई कर बकाया राशि रू0 5,53,226.66 की वसूली कर कोषागार में जमाकर वित्त (अंकेक्षण) विभाग, बिहार, पटना को भी सूचित किया जाए।

**(9) रू0 403300.00 अस्थायी अग्रिम असमायोजित :–**

अग्रिम पंजी वर्ष 2009–10 एवं 2010–11 की जाँच में पाया गया कि कुछ व्यक्तियो को कार्य संपादन करने हेतु अस्थायी अग्रिम के रूप में कुल रू0 403300.00 का भुगतान किया गया था। लेकिन अंकेक्षण समाप्ति तिथि तक अग्रिम का समायोजन अग्रिम पंजी पर अंकित नही था। अंकेक्षणा आपत्ति निर्गत की गई, अनुपालन में बतलाया गया कि अग्रिम समायोजन की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गयी है। परिणाम से अवगत करा दिया जाएगा। लेकिन अंकेक्षण समाप्ति तिथि तक समायोजन नही किया जा सका।

प्रशासी विभाग अपने स्तर से उक्त अग्रिम राशि का समायोजन कर परिणाम से वित्त (अंकेक्षण) विभाग बिहार, पटना को अवगत कराया जाए।

## भाग –3 सुक्षावात्माक

**(10) अंकेक्षण के दृष्टान्त पर रू0 58750.00 की वसूली :–**

(क) वर्ष 2009–10 के अंतर्गत हल्का न0–2 के बगान रसीद वही से 3ए, 3एए पंजी एवं रोकड़ पुस्त के सत्यापन क्रम में पाया गया कि योग में गलती के कारण कम राशि संबंधित राजस्व कर्मचारी द्वारा जमा किया गया। विवरणी निम्नवत है–

| क्रमांक | लगान रसीद संख्या दिनांक | वास्तविक संग्रह की गई राशि | जमा की गई राशि | कम जमा की गई राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 649758 से 649791<br>19.8.09 | 1264.50 | 1143.65 | 120.85 |
| 2 | 181476 से 181485<br>10.12.09 | 117.95 | – | 117.95 |
| | कुल योग– | 1382.45 | 1143.65 | 238.80 |

अंकेक्षण आपत्ति निर्गत किया गया। नाजीर रसीद संख्या 791672/@24.11.2011 से रू0 239.00 जमा कर दिया गया। जमा की गई राशि का नाजीर रसीद वही से सत्यापन भी कर लिया गया जो कि सही पाया गया।

(ख) वर्ष 2009–10 के अंतर्गत हल्का न0–3 के लगान रसीद वही से 3ए,3एए पंजी एवं रोकड़ पुस्त के सत्यापन क्रम में पाया गया कि गणना की गलती के कारणा वास्तविक संग्रहित राशि से कम राशि संबंधित राजस्व कर्मचारी द्वारा जमा किया गया विवरणी निम्नवत है।

| दिनांक | लगान रसीद संख्या | संग्रहित राशि | जमा की गई राशि | कम जमा की गई राशि |
|---|---|---|---|---|
| 2.5.10 | 334351 से 334362 | 432.20 | – | 432.20 |
| 5.6.10 | 334601 से 334605 | 1043.63 | 1033.63 | 10.00 |
| | कुल योग– | 1475.83 | 1033.63 | 442.20 |

इसी प्रकार वर्ष 2009–10 के अंतर्गत हल्का न0–3 के लगान रसीद वही से 3ए,3एए पंजी एवं रोकड़ पुस्त के सत्यापन में पाया गया कि माह मई 2010 से अगस्त 2010 के बीच विभिन्न लगान रसीद वही से कुल रू0 34716.2 संग्रहीत किया गया था। लेकिन रोकड़ पुस्त में रू0 34500.00 ही जमा पाया गया। इस प्रकार 34716.12–34500=216.12 रू0 कम जमा किया गया। इस प्रकार उपरोक्त कम राशि रू0 442.20+216.12 = 658.32 रूप में जमा पाया गया।

अंकेक्षण आपत्ति निर्गत की गई। अनुपालन में बतलाया गया कि नाजीर रसीद संख्या – 791739 दिनांक 5.1.2012 द्वारा रू0 659.00 जमा कर दिया गया है। जिसे नाजीर रसीद वही से सत्यापन भी कर लिया गया जो कि सही पाया गया।

(ग) (i) हल्का न0 3 के वर्ष 2009–10 का लगान रसीद वही से 3ए,3एए पंजी एवं रोकड़ पुस्त से सत्यापन क्रम में पाया गया कि निम्नाकित माह में निम्नरूपेणा राजस्व कर्मचारी द्वारा लगान मद में राशि संग्रहीत किया गया एवं राशि जमा किया गया पाया गया विवरणी निम्नवत है। –

संग्रहीत राशि

| माह का नाम | राशि |
|---|---|
| मई 2009 | 1111.20 |
| जून 2009 | 25388.45 |
| जुलाई 2009 | 21052.40 |
| अगस्त 2009 | 9321.40 |

| | |
|---|---|
| सितम्बर 2009 | 7276.25 |
| अक्टूबर 2009 | 15035.75 |
| नवम्बर 2009 | 13499.08 |
| दिसम्बर 2009 | 5813.30 |
| जनवरी 2010 | 5863.20 |
| फरवरी 2010 | 1096.80 |
| मार्च 2010 | 1120.00 |
| कुल – | 106577.83 |

जमा की गई राशि

| नाजीर रसीद सं0 एवं तिथि | राशि |
|---|---|
| 791499 / 27.5.10 | 631.00 |
| 79130 / 11.7.09 | 5000.00 |
| 791353 / 10.10.09 | 3000.00 |
| 791371 / 1112.09 | 3500.0 |
| 791410 / 8.2.10 | 5000.00 |
| 791413 / 11.2.10 | 4000.00 |
| 791456 / 27.3.10 | 29000.00 |
| कुल योग– | 50,131.00 |

इस कुल संग्रहीत राशि रू0 106577.83 के विरूद्ध रू0 50131.00 जमा पाया गया। इस प्रकार 106577.83–50131.00 =56446.83 कम जमा पाया गया।

(ii) वर्ष 2009–10 के अंतर्गत हल्का संख्या 3 में लगान रसीद वही संख्या 649094 से 179009 तक में दिनांक 10.9.09 को कुल रू0 1403.10 संग्रहीत किया गया 3ए 3एए पंजी एवं रोकड़ पुस्त से सत्यापन में पाया गया कि रू0 1403.10 जमा ही नही पाया गया। इस प्रकार 56446.83+1403.10= 57849.93 कम जमा पाया गया।

अंकेक्षण आपत्ति निर्गत की गई। अनुपालन में बतलाया गया कि निम्नांकित नाजीर रसीद वही से निम्नरूपेणा राशि जमा कर दिया गया है। जिसे नाजीर रसीद वही से भी सत्यापन भी कर लिया गया तथा सही पाया गया।

नाजीर रसीद संख्या – तिथि – राशि

791738 – 5.1.2012 – 56447.00

791741 – 5.1.2012 – 1405.00

कुल – 57852.00

इस प्रकार उप कंडिका (क)+(ख) +(ग) की राशि – 239.00+659.00+57852.00 = रू0 58750.00 रू0 जमा कर दिया गया।

**(11) रू0 720000.00 का डी0 सी0 विपत्र महालेखाकर को भेजने के संबंध में।**

वर्ष 2010–11 के शीर्ष 2245 सहाय के अंतर्गत कोषागार से निम्नांकित राशि सूची विपत्र पर निकासी की गई थी। लेकिन डी0 सी0 विपत्र भेजने के संबंध कोई अभिलेख प्रस्तुत नही किया गया। जिसके चलते सत्यता की जाँच नही हो सकी विवरणी निम्नवत है।

| विपत्र सं0 | शीर्ष | राशि | निकासी तिथि |
|---|---|---|---|
| 75/2010–11 | 2245 सहाय | 120000.00 | 13.3.2011 |
| 76/2010–11 | '' | 300000.00 | '' |
| 77/2010–11 | '' | 300000.00 | '' |

कुल – 720000.00

अगर डी0 सी0 विपत्र नही भेजा गया है तब डी0 सी0 विपत्र महालेखाकार बिहार, पटना भेजते हुए फलाफल से वित्त (अंकेक्षण) विभाग, बिहार, पटना को अवगत कराया जाए।

**(12) अंकेक्षक का संक्षिप्त मंतव्य :–**

(i) कोषागार संहिता भाग–1 नियम 300 का पालन नही किया गया पाया गया। इस नियम का दृढ़ता से पालन किय जाए।

(ii) कोषागार संहिता भाग–1 नियम –86 का पालन नही किया गया। इस नियम का दृढ़ता से पालन किया जाए।

(iii) प्रत्येक माह के 30 तारीख को निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा नगदी का जाँच कर प्रमाण पत्र का अंकित किया जाना चाहिए लेकिन ऐसा नही पाया गया।

(iv) स्थायी सामानों का प्रत्येक वर्ष भौतिक सत्यापन कर कार्यालय में प्रमाण पत्र रखा जाए।

(v) पदाधिकारी द्वारा किए गए निरीक्षण प्रतिवेदन कार्यालय में रखा जाए साथ ही साथ कार्रवाई प्रतिवेदन भी संलग्न रहे।

(vi) सैरात की बंदोवस्ती अवश्य कराया जाए ताकि राजस्व की क्षति नही है।

(vii) मेला के समय में भूमि आवंटन का रेंट अवश्य वसूली किया जाए ताकि वसूली लंबित नही रहे।

(viii) लगान वसूली का जाँच अचल के पदाधिकारियों द्वारा नियमित रूप से किया जाए तथा राजस्व कर्मचारियों से वसूली की गई राशि ससमय सरकारी कोष में जमा कराय जाए।

**लेखा नियंत्रक**
**वित्त(अंकेक्षण)विभाग,बिहार पटना**

**<u>मिलान एवं शुद्धिकर्त्ता का नाम</u>**

(1) मंजु कुमारी वरीय अंकेक्षक–2

(2)

***" NISHU"***

## परिशिष्ट 'क' कंडिका 1'ट' से संबंधित

## प्रस्तुत अप्रस्तुत अभिलेखों की सूचि 2009–10 एवं 2010–11

### (क) प्रस्तुत अभिलेख :–

1. विपत्र पुस्त – 2009–10 एवं 2010–11
2. सामान्य रोकड़ पुस्त 2009–10 एवं 2010–11
3. सहायक रोकड़ पुस्त 2009–10 एवं 2010–11 शीर्ष 2029 भू–राजस्व
4. सहायक रोकड़ पुस्त 2009–10 एवं 2010–11 शीर्ष 2029 भू–राजस्व
5. सहायक रोकड़ पुस्त 2009–10 एवं 2010–11 शीर्ष 2055 पुलिस
6. सहायक रोकड़ पुस्त 2009–10 एवं 2010–11 शीर्ष 2245 सहाय
7. सहायक रोकड़ पुस्त 2009–10 एवं 2010–11 शीर्ष विविध
8. सहायक रोकड़ पुस्त 2009–10 एवं 2010–11 शीर्ष 2506 भु0 सु0
9. सहायक रोकड़ पुस्त 2009–10 एवं 2010–11 शीर्ष 5415 क्षति पूर्त्ति
10. सहायक रोकड़ पुस्त 2009–10 एवं 2010–11 शीर्ष 6041 कृषि तथ्य
11. सहायक रोकड़ पुस्त 2009–10 एवं 2010–11 शीर्ष 2230/2235 सा0 सु0
12. सहायक रोकड़ पुस्त 2009–10 एवं 2010–11 शीर्ष विविध बैंको का सूद
13. सहायक रोकड़ पुस्त 2009–10 एवं 2010–11 शीर्ष स्थायी अग्रिम
14. वेतन भुगतान पंजी– भू– राजस्व
15. वेतन भुगतान पंजी 2055 चौकिदार दफादार
16. आकस्मिकता पंजी 2009–10 एवं 2010–11
17. अभिश्रव 2009–10 एवं 2010–11
18. आवंटन व्यय पंजी 2009–10 एवं 2010–11
19. लगान रसीद वही एवं 3ए,3एए पंजी 2009–10 एवं 2010–11 हल्का न0 1 से 10 तक
20. नाजीर रसीद वही 2009–10 एवं 2010–11
21. अग्रिम पंजी 2009–10 एवं 2010–11
22. सैरात पंजी एवं अभिलेख 2009–10 एवं 2010–11
23. नाजीर रसीद वही संख्या – 79120 से 791250
    79125 से 791300
    791301 से 791350
    791351 से 791400
    791401 से 791450
    791451 से 791500
    751501 से 791550

791551 से 791600

791601 से 791650

24. सेवा पुस्त आंशिक
25. मेला ग्राउन्ड टेंट अभिलेख
26. नीचली बैलहट्टा भूमिका आवंटन
27. बैंक पासबुक संख्या –
    1. भारतीय स्टेट बैंक सोनपुर सेविंग्स बैंक खाता – 11633101146
    2. भारतीय बैंक परमानंदपुर करैट एकाउन्ट – 11606776020
    3. पी0 एन0 बी0 सोनपुर करैट एकाउन्ट – 249
    4. सारण ग्रामीण बैंक कल्याणपुर सेविंग्स एकाउन्ट –839
28. सोनपुर मेला से संबंधित अभिश्रव
29. लगान रसीद वही का भंडार पुस्त
30. अग्रीम पंजी दि0 1.6.07 से अद्यतन्

**अप्रस्तुत अभिलेख :–**

1. भंडार पुस्त
2. लगान रसीद संख्या – 639951 से 640000 तक – एवं इससे संबंधित 3ए,3एए पंजी
3. अस्थायी अग्रिम की विवरणी एवं सुखा राहत अग्रिम पंजी
4. कर्मचारी का निजि संचिका

## परिशिष्ट 'ख' कंडिका 2(4) से संबंधित
## आवंटन व्यय विवरणी अंचल कार्यालय सोनपुर जिला सारण वर्ष 2009–10

| क्र0 | शीर्ष | मद का नाम | आवंटन | व्यय | शेष राशि | प्रत्यार्पित राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भू राजस्व 2029 | वेतन | 4570380 | 4510877 | 59503 | 59503 | प्रत्यार्पित राशि से संबंधित विवरणी प्रस्तुत नही किया गया। |
| 2 | भू–राजस्व ‘’ | यात्रा भत्ता | 5000 | 5000 | – | – | |
| 3 | भू–राजस्व ‘’ | कार्यालय व्यय | 7000 | 5997 | 1003 | 1003 | |
| 4 | भू–राजस्व ‘’ | वाहन इंधन रख रखाव | 15000 | 14978 | 22 | 22 | |
| 5 | भू–राजस्व ‘’ | वर्दी | 2000 | 2000 | – | – | |
| 6 | 2055 पुलिस | वेतन | 3794400 | 3779270 | 15130 | 15130.00 | |
| 7 | 2245 अग्नी | 0005 | 9250 | 9250 | – | – | |
| 8 | 2245 अग्नी | 0006 | 25000 | 25000 | – | – | |
| 9 | 2245 अग्नी | 0007 | 105000 | 105000 | – | – | |
| 10 | 2245 अग्नी | भूखमारी | 100000 | 100000 | – | – | |
| 11 | 2235 शीतलहर | शीतलहर | 7000 | 7000 | – | – | |

## कंडिका –2 '4' परिशिष्ट 'ख' आवंटन व्यय विवरणी
## अंचल कार्यालय सोनपुर, सारसा से संबंधित वर्ष 2010–11

| शीर्ष | मद | आवंटन | व्यय | बचत | प्रत्यार्पित राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2029 भू–राजस्व | वेतन | 7030000 | 4269911 | 2760089 | 2760053 | कार्यालय पत्रांक 256/31.3.11 द्वारा प्रत्यार्पित |
| | जीवन यापन भत्ता | 1965000 | 1225000 | 740000 | 740000 | '' |
| | कार्यालय व्यय | 1204057 | – | 1204057 | 1204057 | '' |
| | वाहन इंधन रख रखाव | 33000 | – | 33000 | 33000 | '' |
| | यात्रा भत्ता | 9000 | 2000 | 7000 | 7000 | '' |
| | वर्दी | 2000 | 2000 | – | – | '' |
| 2055 ग्रामीण पुलिस | वेतन | 4648274 | 3715533 | 932741 | 932741 | कार्यालय पत्रांक 255/31.3.11 द्वारा प्रत्यार्पित |
| | जीवन यापन भत्ता | 700000 | 200000 | 500000 | 500000 | '' |
| | मकान भाड़ा भत्ता | 134000 | 75716 | 58284 | 58284 | '' |
| | चिकित्सा भत्ता | 40000 | 10000 | 30000 | 30000 | '' |
| 2235 शीतलहर | शीतलहर | 7500 | 7500 | – | – | कार्यालय पत्रांक 253/31.3.11 द्वारा प्रत्यार्पित |
| 2245 अग्नी | 0005 | 170000 | 120000 | 50000 | 50000 | कार्यालय पत्रांक 252/31.3.11 द्वारा प्रत्यार्पित |
| | 0006 | 450000 | 300000 | 150000 | 150000 | '' |
| | 0007 | 400000 | 300000 | 100000 | 100000 | '' |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2245 सुखा राहत | सुखा राहत | 4234400 | 4234400 | — | — | |

**परिशिष्ट 'ग'**

## कंडिका 5'ख' से संबंधित
## वेतन वृद्धि के रूप में गलत भुगतान किए जाने के फलस्वरूप अधिक भुगतान की गई राशि की विवरणी :–

| क्र0 | कर्मचारी का नाम पदनाम | वेतन | मं0 भत्ता | गृह किराया भत्ता | योग | माह का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री गणेश राम राजस्व कर्मचारी | 60.00 | 10.00 | 4.50 | 74.50 | जुलाई 2008 से दिसम्बर 2008 | |
| | | 60.00 | 13.00 | 4.50 | 77.50 | जनवरी 2009 से जून 2009 | |
| | | 60.00 | 16.00 | 4.50 | 80.50 | जुलाई 2009 से दिसम्बर 2009 तक | |
| | | 60.00 | 21.00 | 4.50 | 85.50 | जनवरी 2010 से जून 10 तक | |
| | | 60.00 | 27.00 | 4.50 | 91.50 | जुलाई 10 से दिसम्बर 10 | |
| | | 60.00 | 31.00 | 4.50 | 95.50 | जनवरी 11 से जून 11 तक | |
| | योग | 360.00 | 118.00 | | 505 | | |
| 2 | श्री बबन कुमार रा0 कर्मचारी | 60.00 | 16 | 4.50 | 80.50 | जुलाई 2009 से दिसम्बर 2009 | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | तक | |
| | | 60.00 | 21 | 4.50 | 85.50 | जनवरी 10 से जून 10 तक | |
| | | 60.00 | 27 | 4.50 | 91.50 | जुलाई 10 से दिसम्बर 10 | |
| | | 60.00 | 31 | 4.50 | 95.50 | जनवरी 11 से जून 2011 तक | |
| | योग | 240.00 | 95 | 18.00 | 353.00 | | |

कुल योग– 505+353 = 858.00

**परिशिष्ट 'घ' कंडिका –5 'ग' से संबंधित**

## सोनपुर कार्तिक मेला के अवसर पर आवंटित ग्राउन्ड रेट की वसूली नही किए जाने से संबंधित विवरणी वर्ष 2009 का

| क्र0 | कार्यालयों/संस्थाओं का नाम | आवंटित भूमि का विवरणा फीट में | दर | राशि | अनुमंडल कार्यालय सोनपुर द्वारा आवंटित आदेश संख्या तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उप प्रबंधक भारत संचार निगम लिमिटेड सारण, छपरा | 30X62 = 1860 सेक्टर 'ए' | @4 | 7440 | 1185/20.10.09 |
| 2 | उप निदेशक पर्यटन निदेशालय, बिहार, पटना | 25X30 = 750 सेक्टर 'ए' | @4 | 3000 | 1175/20.10.09 |
| 3 | महा प्रबंधक, मार्कैटिंग प्रा0 वि0 पाटियाला रोड, नाला | 25X40 = 1000 सेक्टर 'ए' | @4 | 4000 | 1176/20.10.09 |
| 4 | महिला विकास निगम, बिहार, पटना | 12X18 = 216 सेक्टर 'ए' | @4 | 864 | 1267/7.11.09 |
| 5 | नव भारत फर्टिलाइज से लि0 पटना | 13X18 = 234 सेक्टर 'ए' | @4 | 936 | 1267/7.11.09 |
| 6 | अधिक्षण अभियंता, लधु सिंचाई अंचल, मुजफ्फरपुर | 25X58 = 1450 सेक्टर 'ए' | @4 | 5800 | 1277/31.10.09 |
| 7 | पंजाब नेशनल बैंक, जिला समन्वय छपरा | 16X18 = 288 सेक्टर 'ए' | @4 | 1152 | 1221/31.10.09 |
| 8 | परवीन उल्लाह संयोजक बिहार सूचना का अधिकार मंच, बिहार, पटना | 11X18 = 198 सेक्टर 'ए' | 4 | 792 | 1206/27.10.09 |
| 9 | श्री नीलेन्द्र कुमार | 15X62 = 930 | 4 | 3720 | 1195/21.10.09 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | सिन्हा मार्शल पावर प्रा0 लि0 बिहार | सेक्टर 'ए' | | | |
| 10 | श्री ए0 तिवारी मार्केटिंग मैनेजर ग्रीन फिल्ड मेटेरियल हैंडलिंग प्रा0 लि0 बिहार | 15X62 = 930 सेक्टर 'ए' | 4 | 3720 | 1194 / 21.10.09 |
| 11 | जिला म0 सम पदाधिकारी सह मुख्य कार्य पालक पदा0 सारणा छपरा | 20x58 =1160 सेक्टर 'ए' | 4 | 4640 | 1173 / 21.10.09 |
| 12 | श्री मुकुल कुमार महाप्रबंधक महिन्द्रा 2 वहीलर | 15X30 = 450 सेक्टर 'ए' | 4 | 1800 | 1174 / 21.10.09 |
| 13 | वरीय परियोजना अभियंता कार्य प्रमंडल सं0–2 पटना | 30x55 =1650 सेक्टर 'ए' | 4 | 6600 | 1177 / 21.10.09 |
| 14 | प्रमंडलीय प्रबंधक उषा इन्टरनेशल ली0 पटना | 30x62 =1860 सेक्टर 'ए' | 4 | 7440 | 1179 / 21.10.09 |
| 15 | डी0 जी0 एम0 कम्युनिकेशन जननी पटना | 20X18 = 360 सेक्टर 'ए' | 4 | 1440 | 1180 / 21.10.09 |
| 16 | निदेशक कृषि विभाग, बिहार, पटना | 24x62 = 1488 सेक्टर 'ए' | 4 | 5952 | 1181 / 21.10.09 |
| 17 | प्रबंधक, भारतीय रिजर्व बैंक, गाँधी मैदान, पटना | 30X62 = 1860 सेक्टर 'ए' | 4 | 7440 | 1182 / 21.10.09 |
| 18 | शाखा प्रबंधक लुबीपंज ली0 पटना, बिहार | 20X58 = 1160 सेक्टर 'ए' | @4 | 4640 | 1184 / 20.10.09 |
| 19 | एरिया एवं जीवसन पदा0 डी0 ए0 भी0 पी0 पटना | 30X62 = 1860 सेक्टर 'ए' | @4 | 7440 | 1186 / 20.10.09 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 20 | क्षेत्रीय प्रबंधक होडा स्टील पावर प्रोडक्शन ली0 पटना | 20X62 = 1240 सेक्टर 'ए' | @4 | 4960 | 1187/20.12.09 |
| 21 | निदेशक गबन विकस निदेशालय बिहार पटना | 20x58=1240 सेक्टर 'ए' | @4 | 4640 | 1170/20.10.09 |
| 22 | उप प्रबंधक भारत संचार निगम लि0 सारणा छपरा | 40X65 = 2600 सेक्टर 'सी' | @4 | 10400 | 1193/21.10.09 |
| 23 | सहायक अभियंता बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लि0 पटना | 35X45 = 1575 सेक्टर 'सी' | @4 | 6300 | 1163/19.10.09 |
| 24 | पुलिस अधिक्षक (सी) अनुसंधान विभाग, बिहार, पटना। | 80X40 = 3200 सेक्टर 'सी' | @4 | 12800 | 1162/19.10.09 |
| 25 | वन प्रमंडल पदाधिकारी सारण का प्रमंडल, छपरा | 25X100 = 2500 सेक्टर 'सी' | @4 | 10000 | 1161/9.10.09 |
| 26 | अध्यक्ष के आप्त सचिव बिहार राज्य श्रमिक आयोग बिहार, पटना | 18x52 =936 सेक्टर बी | @4 | 3744 | 1168/19.10.09 |
| 27 | उप विकास आयुक्त सारणा छपरा | 50X112 = 5600 सेक्टर 'बी' | @4 | 22400 | 1165/11.10.09 |
| 28 | सहायक अभियंता लोक स्वास्थ्य अवर प्रमण्डल सोनपुर सारण | 36x62 =2232 सेक्टर बी | @4 | 8928 | 1164/19.10.09 |
| 29 | राज्य परियोजना निदेशक बिहार, सर्वशिक्षण अभियान पटना। | 45X58 = 2610 सेक्टर 'बी' | @4 | 10440 | 1199 (क)/ 23.10.09 |
| | | कुल योग | | 1,73,428 | |

## कंडिका –5 'ग' परिशिष्ट 'घ'

## कार्त्तिक मेला – 2010 में आवंटित भूमि का ग्राउन्ड रेट से संबंधित विवरणी मेला वर्ष 2010 का

| क्र0 | कार्यालयों / संस्थाओं का नाम | आवंटित भूमि का विवरणा फीट में | दर | राशि | अनुमंडल कार्यालय सोनपुर द्वारा आवंटित आदेश संख्या तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिविल सर्जन सह सचिव जिला स्वास्थ्य समिति सारण | 40X126 = 5040 सेक्टर 'बी' 30X54 = 1620 सेक्टर 'बी' कुल – 6660 | @4 | 26640 | 992 / 10.11.10 |
| 2 | सहायक अभियंता लोक स्वा0 अवर प्रमंडल सोनपुर , सारण | 30X72 = 2160 सेक्टर 'बी' | @4 | 8640 | 991 / 10.11.10 |
| 3 | सचिव बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग, पटना | 52X15 = 780 सेक्टर 'बी' | @4 | 3120 | 989 / 10.11.10 |
| 4 | उप विकास आयुक्त सारण छपरा | 50X126 = 6300 सेक्टर 'बी' | @4 | 25200 | 988 / 10.11.10 |
| 5 | महा प्रबंधक जिला उधोग केन्द्र सारण छपरा | 40X122 = 4880 सेक्टर 'बी' | @4 | 19520 | 1019 / 12.11.10 |
| 6 | सहायक अभियंता लोक स्व0 अवर प्रमंडल , सोनपुर सारण | 30X72 = 2160 सेक्टर 'बी' | @4 | 8640 | 991 / 10.11.10 |
| 7 | शाखा प्रबंधक सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया गोला बाजार सोनपुर | 20X100 = 2000 सेक्टर 'सी' | @4 | 8000 | 1026 / 14.11.10 |
| 8 | वनों के क्षोत्र | 20X100 = | @4 | 8000 | 1018 / 12.11.10 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | पदाधिकारी प्रक्षेत्र दिधवारा | 2000 सेक्टर 'सी' | | | |
| 9 | डिप्टी जेनरल मैनेजर उषा इन्टर नेशनल लि0 पटना | 20X62 = 1240 सेक्टर 'ए' | @4 | 4960 | 1001／12.11.10 |
| 10 | इन्द्रा मार्शल पावर लिमिटेड इन्दौर | 15X15 = 225 सेक्टर 'ए' | @4 | 900 | 1000／12.11.10 |
| 11 | अमरेन्द्र कुमार सिंह सेल्स मैनेजर पटना (ट्रन्राज) | 20X62 = 1240 सेक्टर 'ए' | @4 | 4960 | 999／12.11.10 |
| 12 | होन्डा पावर प्रोडक्स शालीमार कोल्ड स्टोरेज, पटना | 15X62 = 930 सेक्टर 'ए' | @4 | 3720 | 1002／12.11.10 |
| 13 | प्रबंधक निवेशक, पटना डेयरी प्रोजेक्ट पटना | 20x62 =1240 सेक्टर 'ए' | @4 | 4960 | 1003／12.11.10 |
| 14 | विशेष कार्यापालक पदाधिकारी आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार, पटना | 30x62 =1860 सेक्टर 'ए' | @4 | 7440 | 1004／12.11.10 |
| 15 | इंडिया इन्सटीयूट ऑफ कॉम प्रोशेसिंग टेक्नोलॉजी तमिलनाडु भारत | 24X62 = 1488 सेक्टर 'ए' | @4 | 5952 | 1005／12.11.10 |
| 16 | वरीय परियोजना अभियंता कार्य प्रमंडल सं0–2 पटना पुल निर्माण निगम | 30X58 = 1740 सेक्टर 'ए' | @4 | 6960 | 1009／12.11.10 |
| 17 | वशिष्ठ प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक सोनपुर | 15X58 = 870 सेक्टर 'ए' | @4 | 3480 | 1012／12.11.10 |
| 18 | जेनरल मैनेजर (मार्केटिंग) जय प्रकाश एसोसिएट्स | 15X58 = 870 सेक्टर 'ए' | @4 | 3480 | 1013／12.11.10 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | लि0 सिमेंट डिविजन, पटना | | | | |
| 19 | जिला कार्यालय समन्वयक सर्वशिक्षा अभियान, सारण | 22X58 = 1276 सेक्टर 'ए' | @4 | 5104 | 1014 / 12.11.10 |
| 20 | आर0 एन0 सिन्हा सेल्स हेड (ए0 सी0 सी0) पटना। | 20X20 = 400 सेक्टर 'ए' | @4 | 1600 | 1015 / 12.11.10 |
| 21 | सुधीर कुमार सहायक प्रबंधक जननी (नालो) | 12X20 = 240 सेक्टर 'ए' | @4 | 960 | 998 / 12.11.10 |
| 22 | जिला युवा समन्वय के नेहरू युवा केन्द्र पटना | 20X58 = 1160 सेक्टर 'ए' | @4 | 4640 | 1017 / 12.11.10 |
| 23 | निदेशक भव्य निदेशालय, बिहार पटना | 20X58 = 1160 सेक्टर 'ए' | @4 | 4640 | 1011 / 12.11.10 |
| 24 | त्रिमुर्त्ति पावर ट्रैक ट्रैक्टर्स, हाजीपुर | 35X50 = 1750 सेक्टर 'सी' | @4 | 7000 | 1117 / 3.12.10 |
| 25 | त्रिमुर्त्ति भेन्चर प्रा0 ली0 (स्कॉट लिए) हाजीपुर | 30X30 = 900 सेक्टर 'सी' | @4 | 3600 | 1094 / 27.11.10 |
| 26 | एरिया जन संपर्क पदा0 भारत सरकार (डी0 ए0 भी0 पी0) | 15X25 = 375 सेक्टर 'सी' | @4 | 1500 | 1025 / 14.11.10 |
| 27 | निदेशक पर्यटन विभाग, बिहार, पटना। | 30X45 = 1350 सेक्टर 'सी' | @4 | 5400 | 1117 / 3.12.10 |
| 28 | परियोजना निदेशक बिहार राज्य एड्स नियंत्रण, पटना | 20X126 = 2520 सेक्टर 'सी' | @4 | 10080 | 1117 / 3.12.10 |
| 29 | बिटानिया बिस्कुट (जयन्ती एड भाइटिंग, पटना) | 10X107 = 1070 सेक्टर 'बी' | @4 | 4280 | 1117 / 3.12.10 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 30 | राज्य विधिक सेवा प्राधिकार | 10X100 = 1000 सेक्टर 'बी' | @4 | 4000 | 1034/17.11.10 |
| 31 | एरिया सेल्स मैनेजर सी0 आर0 आई पंप | 15X62 = 930सेक्टर 'ए' | @4 | 3720 | 1117/3.12.10 |
| 32 | राजेश कुमार सिंह एच एन0 इन्टर प्राइजेज सोनपुर | 10X20 = 200 सेक्टर 'बी' | @4 | 800 | 1095/27.11.10 |
| 33 | महाप्रबंधक महिन्द्रा पटना द0 हवीलर | 15X58 = 870 सेक्टर 'ए' | @4 | 3480 | 1117/3.12.10 |
| 34 | अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई, मुजफफरपुर | 15X58 = 870 सेक्टर 'ए' | @4 | 3480 | 1117/3.12.10 |

कुल योग– 218856

(+) 173428

392284

**परिशिष्ट 'ड़' कंडिका –6 से संबंधित**

**विभिन्न योजनाओं पर व्यय की गई राशि से संबंधित विवरणी :–**

| योजना संख्या | योजना का नाम | प्राकल्लित राशि | मापी पुस्त के अनुसार राशि | भुगतान तिथि | राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2/07–08 | हरहिर क्षेत्र सोनपुर मेला 2007 पर पथों की मरम्मति | 21850 | 21850 | 19.11.09 | 21850 | |
| 3/07–08 | सोनपुर मेला 2007 के अवसर पर प्रर्याप्त रोशनी की व्यवस्था | 39350 | 39350 | 19.11.09 | 20680 | |
| 4/07–08 | मेला अंतर्गत पदाधिकारी के लिए बोट हॉल शौचालय का निर्माण | 95200 | 95200 | 19.11.09 | 90000 | |
| 5/07–08 | सोनपुर मेला 2007 अंतर्गत अतिथियों के विश्राम हेतु पडाल बनाई कार्य | 31300 | 31300 | 19.11.09 | 28900 | |
| 6/07–08 | मेला क्षेत्र में विभिन्न मूर्त्तियों एवं गेटा की रंगाई | 14000 | 14000 | 19.11.09 | 14000 | |
| 7/07–08 | सोनपुर मेला महेश्वरी चौक स्थित रैन बसेरा की सफाई एवं पेटिंग | 16900 | 16900 | 19.11.09 | 16900 | |
| 8/07–08 | सोनपुर मेला के अंतर्गत विभिन्न रंगाई एवं | 9850 | 9850 | 19.11.09 | 9850 | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | पेंटिंग कार्य | | | | | |
| 9/07–08 | हरिहर नाथ मंदिर मेन गेट का सेम पेंटिंग | 2660 | 2660 | 19.11.09 | 2660 | |
| 10/07–08 | मेला क्षेत्र में लगा बोर्ड की पेंटिंग एवं लेखन कार्य | 3600 | 3600 | 19.11.09 | 3600 | |
| 11/07–08 | सामुदायिक भवन काली धाट की सफाई एवं पेंटिंग | 9570 | 9570 | 19.11.09 | 9570 | |
| 12/07–08 | अंग्रेजी बाजार समाहर्त्ता सारणा के कॉटेज की सफाई एवं रंगाई पोताई | 8700 | 8700 | 19.11.09 | 8700 | |
| 13/07–08 | रैन बसेरा की रंगाई पोताई | 33200 | 3196 | 19.11.09 | 33190 | |
| 14/07–08 | हरिहर श्रेत्र मेला 2007 के अवरस पर पथों की मरम्मति | 102600 | 100000 | 19.11.09 | 90,000 | |
| | | | | कुल योग– | 349900 | |

## परिशिष्ट 'च' कंडिका 8'क' से संबंधित
## मांग एवं संग्रहीत राशि से संबंधित विवरणी वर्ष 2010–11

| क्र0 | मद का नाम | मांग | | | संग्रहीत राशि | | | अवशेष राशि | | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बकाया | हाल | कुल | बकाया | हाल | कुल | बकाया | हाल | कुल | |
| 1 | रैंट | 50197.43 | 198816.47 | 249013.90 | 50197.43 | 198816.47 | 249013.90 | — | — | — | |
| 2 | सेस | 43062.78 | 92602.98 | 135665.76 | 43062.78 | 31692.47 | 74755.25 | — | 60910.51 | 60910.51 | |
| 3 | शिक्षा सेस | 78014.32 | 194345.32 | 272359.64 | 78014.32 | 43068.18 | 121082.50 | — | 151277.14 | 151277.14 | |
| 4 | कृषि सेस | 28152.70 | 77431.40 | 105584.10 | 28152.70 | 34749.30 | 62902.00 | — | 42682.10 | 42682.10 | |
| 5 | विविध एवं सैरात | 151051.27 | 3783694.00 | 3434745.27 | — | 3783694.00 | 3783694.00 | 151051.27 | — | 151051.27 | |
| 6 | स्वास्थ्य सेस | 78013.32 | 194345.32 | 272358.64 | 78013.32 | 47039.68 | 125053.00 | — | 147305.64 | 147305.64 | |
| | कुल | 428491.82 | 4541235.49 | 4969727.31 | 277440.55 | 4139060.00 | 4416500.65 | 151051.27 | 402175.39 | 553226.66 | |

**परिशिष्ट 'च' कंडिका –8 'क' से संबंधित**
**मांग एवं संग्रहीत राशि से संबंधित विवरणी वर्ष 2009–10**

| क्र0 | मद का नाम | मांग | | | संग्रहीत राशि | | | अवशेष राशि | | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बकाया | हाल | कुल | बकाया | हाल | कुल | बकाया | हाल | कुल | |
| 1 | रैट | — | 194310.53 | 194310.53 | — | 144113.10 | 144113.10 | — | 50197.43 | 50197.43 | |
| 2 | सेस | — | 9262.98 | 92602.98 | — | 49540.20 | 49540.20 | — | 43062.78 | 43062.78 | |
| 3 | शिक्षा सेस | — | 194345.32 | 194345.32 | — | 116331.00 | 116331.00 | — | 78014.32 | 78014.32 | |
| 4 | कृषि सेस | — | 77731.40 | 77731.40 | — | 49578.70 | 49578.70 | — | 28152.70 | 28152.70 | |
| 5 | विविध एवं सैरात | 151051.27 | 3551189.00 | 3702240.27 | — | 3551189.00 | 3551189.00 | 151051.27 | — | 151051.27 | |
| 6 | स्वास्थ्य सेस | — | 194345.32 | 194345.32 | — | 116332.00 | 116332.00 | — | 78013.32 | 78013.32 | |
| | कुल | 151051.27 | 4304524.55 | 4455575.82 | — | 4021084 | 4027084 | 151051.27 | 277440.55 | 428491.82 | |

**परिशिष्ट 'छ' कंडिका –8 'ख' से संबंधित**
**असामायोजित अग्रिम राशि की विवरणी :–**

| क्र0 | नाम / पदनाम | राशि | भुगतान तिथि | अग्रिम पंजी पृष्ठ संख्या | उद्देश्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अनुप कुमार रा0 कर्मचारी | 2000 | 6.4.09 | 10 | वेतन अग्रिम के रूप में |
| 2 | श्री उमेश चौधरी रा0 कर्मचारी | 2000 | 6.4.09 | 10 | ʻʻ |
| 3 | श्री गणेश राम रा0 कर्मचारी | 2000 | 6.4.09 | 10 | ʻʻ |
| 4 | श्री राजा राम सहनी पिता स्व बाबु लाल सहनी श्रम मीना बाजार सोनपुर | 5000 | 31.10.09 | 10 | नाव के भुगतान के लिए |
| 5 | श्री लाल बाबु राम पिता स्व राम रतन राय पहलेगा घाट, खरीका सोनपुर | 3000 | 4.11.09 | 10 | ʻʻ |
| 6 | श्री श्याम कुमार सिंह पिता स्व श्री बैकुराठ सिंह | 2000 | 6.11.09 | 10 | ʻʻ |
| 7 | गोपालगंज एंड | 10000 | 31.1.10 | 11 | ʻʻ |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | कंपनी सोनपुर राजा राय साहनी पिता स्व बाबुलाल सहनी मीना बाजार सोनपुर | | | | |
| 8 | मॉडल एशोसिएशन फॉर नेयर एंड सोसाइटी श्री देवेश नाथ दिक्षित अध्यक्ष मानस स्वंय सेवा संस्थान सलेमपुर , छपरा | 10,0000 | 14.11.08 | 9 | अंकित नही |
| 9 | ‘‘ | 70000 | 27.11.07 | 9 | ‘‘ |
| 10 | ‘‘ | 70000 | 8.12.07 | 4 | ‘‘ |
| 11 | ‘‘ | 48650 | 17.12.07 | 4 | ‘‘ |
| 12 | मॉडल एसोशिएशन फॉक नेयर एंड सोसाइटी श्री अवधेश नाथ दिक्षित अध्यक्ष मानस स्वयं संस्थान सलेमपुर, छपरा | 88650 | 2.12.08 | 9 | ‘‘ |
| | कुल योग– | 403300 | | | |